अतिशीघ्र / तत्काल
विधानसभा प्रश्न

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार
शिक्षा निदेशालय, पुराना सचिवालय, दिल्ली–110054
विधायी कार्य शाखा / प्रश्न कक्ष

संख्या – डी.ई. 25(13)/522/एल.डब्ल्यू./2024–25/6206-6207 दिनाँक – 23/03/2025

सेवा में,

श्रीमान् उप सचिव (प्रश्न कक्ष)
दिल्ली विधान सभा सचिवालय,
पुराना सचिवालय, दिल्ली–110054।

**विषय– विधानसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 17, दिनाँक – 24.03.2025 के सन्दर्भ में।**

महोदय,

आपके द्वारा प्रेषित उपरोक्त विधानसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 17 (100 प्रतियाँ), जो कि दिनाँक–24.03.2025 के लिए सूचीबद्ध किया गया है, का उत्तर माननीय शिक्षा मंत्री जी की पूर्वानुमति से आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जाता है।

भवदीय

संलग्नक – उपरोक्तानुसार

Mohinder Pal

(महेन्द्र पाल)
अतिरिक्त शिक्षा निदेशक (विधायी कार्य शाखा)
(MOHINDER PAL)
Additional Director of Education
Directorate of Education
Delhi-110054

संख्या – डी.ई. 25(13)/522/एल.डब्ल्यू./2024–25/6206-6207 दिनाँक 23/03/2025

प्रतिलिपि – निदेशक, सूचना एवं प्रचार विभाग, दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, दिल्ली – 110054 को 150 प्रतियाँ अग्रिम एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जाती है।

Mohinder Pal

(महेन्द्र पाल)
अतिरिक्त शिक्षा निदेशक (विधायी कार्य शाखा)

(MOHINDER PAL)
Additional Director of Education
Directorate of Education
Delhi-110054

विभाग का नाम :— शिक्षा विभाग

विभाग का पता :— पुराना सचिवालय, दिल्ली — 110054

अतारांकित प्रश्न संख्या :— 17

दिनाँक :—24.03.2025

प्रश्नकर्त्ता का नाम :— श्री गजेन्द्र सिंह यादव

क्या माननीय शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे किः—

| क्रम सं. | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| क) | क्या यह सत्य है कि सर्वोदय कन्या विद्यालय नंबर—2 में विज्ञान व कॉमर्स विषय नहीं हैं तथा यह स्कूल सुबह की पाली में केवल लड़कियों के लिए है; | जी हाँ सत्य है। लेकिन विज्ञान एवं कॉमर्स विषय पढ़ने के लिए छात्रों के लिए निकटवर्ती विद्यालयों में उपयुक्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। जो की निम्नलिखित हैः—<br>1. महरौली कुतुब, सर्वोदय (सह—शिक्षा) सीनियर सकेंडरी विद्यालय<br>2. जीजीएसएसएस बी—1 वसंत कुंज<br>3. आरपीवीवी बी—1 वसंत कुंज<br>4. जीबीएसएसएस बी—1 वसंत कुंज<br>5. आएसकेवी महरौली<br>6. जीबीएसएसएस नंबर—2 महरौली |
| ख) | क्या यह भी सत्य है कि जीबीएसएस नंबर—2 ब्वायज स्कूल (द्वितीय पाली) केवल लड़कों के लिए है; | जी हाँ सत्य है। क्योंकि सर्वोदय कन्या विद्यालय नं. 2 एवं जीबीएसएस नं. 2 स्कूल का एक ही भवन है जिस वजह से प्रथम पाली में लड़कियों एवं द्वितीय पाली में लड़कों का स्कूल चलता है। |
| ग) | क्या यह भी सत्य है कि जीबीएसएस नंबर—3 डेसु (DESU) रोड़ स्कूल केवल 10वीं कक्षा तक है तथा यह टीन शेड में चलता है; | जी हाँ यह भी सत्य है। जीबीएसएस नं. 3 दसवीं कक्षा तक है जो कि टिन शैड्स में चलता है। भारतीय पुरातात्विक विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र ना मिलने के कारण पक्का निर्माण की प्रक्रिया नहीं हो पाई। |
| घ) | क्या यह भी सत्य है कि आजादी के 78 साल बाद भी उपरोक्त किसी भी स्कूल में खेलने का मैदान नहीं है; और | असत्य है। जीबीएसएसएस नं. 2 स्कूल महरौली में एक खेल का मैदान है। जिसमें हॉकी, कबड्डी, बैडमिंट क्रिकेट खेल कराए जा सकते हैं। जीबीएसएस नंबर—3 में खेलने का मैदान है जिसमें वॉलीबाल, कबड्डी, बैडमिंटन खेल कराए जाते हैं। |
| ड़) | क्या यह भी सत्य है कि कुतब स्कूल का ग्राउंड श्री विजय दहिया को दिया था? | सर्वोदय कोएड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कुतुब महरौली का मैदान, मंत्रिमंडल के निर्णय संख्या 2276 दिनांक 23.12.2015 के अनुसार, विद्यालयों में विद्यार्थियों के प्रशिक्षण एवं कोचिंग में खेल अकादमियों / क्लबों / व्यक्तिगत प्रशिक्षकों को शामिल करने की योजना के अंतर्गत क्रिकेट अकादमी चलाने के लिए आवंटित किया गया था। |

Mohinder Pal

(MOHINDER PAL)
Additional Director of Education
Directorate of Education
Delhi 110054